


# छतरपुर जिला



# 550 कर्मचारी आंदोलन पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू




**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 3 जून. मध्य प्रदेश संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिले के लगभग 550 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं.**

सीएमएचओ कार्यालय के समीप चल रहे इस धरना-प्रदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न संविदा कैडर के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हैं.हड़ताल के कारण जिले में स्वास्थ्य सेवाओं, विभागीय रिपोर्टिंग कार्यों और कई योजनाओं के संचालन पर असर पड़ने लगा है. कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में संविदा स्वास्थ्य नीति-2023 का पूर्ण क्रियान्वयन, सभी संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमित कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करना, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीबीआई) को वेतन में शामिल करना तथा स्वास्थ्य बीमा सुविधा उपलब्ध कराना शामिल है. धरना-प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने विरोध का एक अनूठा तरीका भी अपनाया.भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने सीएमएचओ कार्यालय के पास से गुजरने वाले राहगीरों और आम नागरिकों को ठंडा पानी पिलाया.कर्मचारियों का कहना है कि उनका उद्देश्य जनता को परेशानी पहुंचाना नहीं, बल्कि अपनी समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है. संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 जून तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 8 जून से प्रदेशभर के लगभग 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे.

**इनका का कहना..**
संघ के जिला अध्यक्ष दीपेश नायक और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ज्योति अहिरवार ने बताया कि आंदोलन में एएनएम, सीएचओ, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, डाटा ऑपरेटर तथा प्रबंधकीय संवर्ग के कर्मचारी शामिल हैं .उनका कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में संविदा कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है .

# रेत खोदते समय धंसी मिट्टी, मलबे में दबने से व्यक्ति की मौत

**नवभारत न्यूज**
**महाराजपुर, 3 जून. छतरपुर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढिगपुरा में एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई.रेत (बालू) खोदने के दौरान अचानक मिट्टी का बड़ा हिस्सा धंस जाने से वह मलबे में दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई.**

ग्राम ढिगपुरा में कुछ लोग बालू निकालने का कार्य कर रहे थे.इसी दौरान अचानक मिट्टी की ऊपरी परत भरभराकर नीचे गिर गई.घटना इतनी तेजी से हुई कि वहां मौजूद व्यक्ति संभल नहीं सका और मिट्टी के भारी मलबे के नीचे दब गया.हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई.ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए व्यक्ति को बाहर निकालने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी.सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची.पुलिस और ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर व्यक्ति को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण रेत खनन के दौरान मिट्टी का धंसना माना जा रहा है.घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

# 15 तक होगा ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द का पंजीयन

- जिले में बनाए गए 11 पंजीकरण केंद्र
- किसानों से पंजीकरण की अपील



**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 3 जून. विपणन वर्ष 2026-27 के लिए ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द फसल के समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 15 जून तक किया जाएगा.पंजीयन की प्रक्रिया ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से संपन्न की जा रही है.**

यह कार्य मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है.

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में किसानों की सुविधा के लिए जिले की विभिन्न तहसीलों में 11 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं.इन केंद्रों पर किसान निर्धारित अवधि में पहुंचकर अपनी फसल का पंजीयन करा सकते हैं.प्रशासन के अनुसार जिले में वर्तमान में लगभग 465 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग तथा 260 हेक्टेयर क्षेत्र में उड़द की फसल दर्ज की गई है, जबकि अन्य क्षेत्रों में गिरदावरी का कार्य अभी जारी है. पंजीयन के लिए चंदला, गौरिहार, छतरपुर, नौगांव, राजनगर, बिजावर, घुवारा, बड़ामलहरा, बकस्वाहा और लवकुशनगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में सेवा सहकारी समितियों को केंद्र बनाया गया है.इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ दिलाने की व्यवस्था की गई है.

जिला प्रशासन ने सभी मूंग एवं उड़द उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें और 15 जून तक अपने निकटतम पंजीयन केंद्र पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों सहित पंजीयन अवश्य कराएं.

# पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

- बाइक धकेलकर जताया बढ़ती कीमतों का विरोध
- जीतू पटवारी पर टिप्पणी को लेकर भी जताई नाराजगी

**नवभारत न्यूज**
**महाराजपुर, 3 जून. पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों तथा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में बुधवार को महाराजपुर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया.**



कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जताई.

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया. कार्यकर्ताओं ने अपनी मोटरसाइकिलों को धक्का देकर नगर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली और बढ़ती ईंधन कीमतों के कारण आम जनता पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को उजागर करने का प्रयास किया.

युवा कांग्रेस नेताओं का कहना था कि पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे परिवहन लागत बढ़ने के साथ-साथ महंगाई भी बढ़ रही है. इसका सीधा असर आम लोगों और किसानों की जेब पर पड़ रहा है. साथ ही उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ की गई कथित टिप्पणी की भी निंदा की. प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर नियंत्रण करने तथा संबंधित मामले में उचित कार्रवाई की मांग की गई.

## एक नजर में

### शिक्षक का जिला पंचायत कार्यालय के बाहर धरना



**छतरपुर, 3 जून.** जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र के धाबा गांव के शिक्षक प्रकाश बाजपेई जिला पंचायत कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए .उनका आरोप है कि उनकी माता के निधन के बाद फौती नामांकन की प्रक्रिया पिछले 3 साल से पूरी नहीं हो रही है .प्रकाश बाजपेई का कहना है कि वे लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही .उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक शिक्षक को अपने अधिकार के लिए इतनी परेशानी झेलनी पड़ रही है, तो आम नागरिक की स्थिति क्या होगी .धरने के दौरान तहसीलदार दुर्गेश रजक मौके पर पहुंचे और शिक्षक की समस्या सुनी .हालांकि शिक्षक ने चेतावनी दी है कि यदि उनका काम नहीं हुआ तो वे आंदोलन जारी रखेंगे।

### रूफटॉप सोलर लगवाएं, बिजली बिल से पाएं राहत

**छतरपुर, 3 जून.** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत नागरिकों को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है .योजना के अंतर्गत मार्च 2027 से पहले सोलर सिस्टम स्थापित कराने पर पात्र हितग्राहियों को सब्सिडी का लाभ मिलेगा. मध्य प्रदेश में अब तक 2 लाख से अधिक उपभोक्ता इस योजना में पंजीयन करा चुके हैं।योजना की जानकारी को और अधिक सुलभ बनाने के लिए मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड ने व्हाट्सएप चैटबॉट 'सोलर चाचा' शुरू किया है .इसके माध्यम से लोग योजना, आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी और अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं .इच्छुक नागरिक व्हाट्सएप नंबर 8815107640 पर 'हेलो' भेजकर योजना से जुड़ सकते हैं।

### युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा, छेड़छाड़ का आरोप

**चंदला, 3 जून.** नगर में एक युवती से कथित रूप से लगातार संपर्क और छेड़छाड़ करने के मामले में युवती के परिजनों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. घटना के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है. जानकारी के अनुसार, पांडेपुरवा निवासी अंकित बसोर पर एक युवती से पिछले लगभग तीन माह से लगातार बातचीत करने और उसे परेशान करने का आरोप लगाया गया है. युवती की बड़ी बहन ने बताया कि अंकित छोटी बहन से लगातार संपर्क में था तथा कथित रूप से उसके साथ छेड़छाड़ भी कर रहा था. परिजनों का आरोप है कि युवक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का प्रयास कर रहा था. जब परिवार को इस पूरे मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने युवक को मिलने के बहाने चंदला बुलाया. जैसे ही युवक निर्धारित स्थान पर पहुंचा, परिजनों ने उसे पकड़ लिया और तत्काल चंदला पुलिस के हवाले कर दिया .पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।वहीं परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

# 'ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है' कांग्रेस नेत्री का वीडियो वायरल



**नवभारत न्यूज**
**बिजावर, 3 जून. बिजावर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं.शासकीय कार्य में बाधा, चक्का जाम और पथराव जैसे मामलों में फरार चल रही सपा नेत्री उषा अहिरवार का कथित बंदूक प्रदर्शन वाला वीडियो सामने आने के बाद अब कांग्रेस नेत्री डॉ. कंचन शुक्ला का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.**

बुधवार शाम वायरल हुए नए वीडियो में कथित तौर पर लिखा दिखाई दे रहा है, 'ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है, सुन लो कान खोलकर जलने वालों'.इस पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं. गौरतलब है कि इससे पहले वायरल हुए एक वीडियो में डॉ. कंचन शुक्ला और उषा अहिरवार कथित रूप से शस्त्र प्रदर्शन करते हुए नजर आई थीं.वहीं उषा अहिरवार से जुड़े मामले में बिजावर थाने में प्रकरण दर्ज होने की बात भी सामने आई है.

हालांकि दोनों वायरल वीडियो की प्रामाणिकता और उनमें दिखाई दे रहे व्यक्तियों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल सामग्री की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# 196 की जांच, 31 मरीजों में मिले मोतियाबिंद के लक्षण

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर स्व. श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से प्रति मंगलवार आयोजित होने वाले नेत्र शिविर का आयोजन इस सप्ताह स्वर्गीय श्री संजय पिंगले की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में किया गया.**

शिविर में सदगुरुदेव अस्पताल के नेत्र चिकित्सक डॉ. दीपक सिंह एवं डॉ. राजकरण वर्मा ने 196 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी दी. जांच के दौरान 31 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया.कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम द्वारा 36 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया. वहीं ट्रस्ट की ओर से 97 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं तथा 32 मरीजों के चश्मों के नंबर निकाले गए.

शिविर में मरीजों की बीपी और शुगर की जांच भी की गई.शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं सद्गुरु स्वर्गीय श्री रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार ऐसे नेत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं.कार्यक्रम में मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. ए.के. जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

वहीं सुरेन्द्र भारद्वाज, जगदीश अग्रवाल एवं हेमंत भंडारी की विशेष उपस्थिति रही.इस अवसर पर सदगुरुदेव अस्पताल के घनश्याम बघेल, रवि धाकड़, डाल सिंह जादौन, कैंप प्रभारी नरेन्द्र राजपूत, संतोष नामदेव, डॉ. राजकरण वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, साहूजी, विजय अरोरा, दिलीप देसाई, सतीश शिल्पकार, मोहन सैनी सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे. सभी ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है.कार्यक्रम में सरदार सिंह लोधी का विशेष सहयोग रहा.

# भाल बामोरा में समर कैंप का हुआ समापन

**नवभारत न्यूज**
**पठारी.** शासन के निर्देशानुसार एक मई से एक जून तक विद्यालयों में आयोजित किए गए समर कैंप के अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भाल बामोरा में सोमवार को समर कैंप का समापन किया गया. एक माह तक चले इस शिविर में छात्र-छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया.खेल एवं योग प्रशिक्षक तथा पूर्व सैनिक प्रमोद कुमार चौहान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को रंगोली, पेंटिंग, कैरियर काउंसलिंग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, योग, दौड़ सहित कई रचनात्मक एवं खेल गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला. समर कैंप के दौरान आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट विद्यार्थियों के साथ-साथ ग्रामीणों के लिए भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा.कैंप में न केवल छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, बल्कि ग्रामीण जनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए शासन की इस पहल की सराहना की. साथ समर कैंप में प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य की नींव तैयार करने और विद्यार्जन में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की भी समझाइश दी गई. ताकि वे देश के विकास में सहभागिता कर राष्ट्र को ऊंचाईयों तक ले जाने में सहयोग कर सकें.

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. क्षेत्र की ग्राम पंचायत साहिबा टापरा में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अर्जुन के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है. बताया जाता है कि अर्जुन ने अपने घर के परिसर में स्थित एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. सूचना प्राप्त होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की.पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है.

# वन विभाग की कार्रवाई में ट्रैक्टर और कल्टीवेटर जब्त

**नवभारत न्यूज**
**लटेरी. वन परिक्षेत्र लटेरी उत्तर के अंतर्गत मुरवास क्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण की कोशिश कर रहे एक ट्रैक्टर एवं कल्टीवेटर को जब्त किया है.**

मामले में वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. 2 जून को वन मंडल अधिकारी के निर्देशन तथा उप वन मंडल अधिकारी सिरोंज एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेन्द्र कुमार सहरिया के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई. परिक्षेत्र सहायक रत्नेश कुमार पंथी एवं बीटगार्ड शुभम रघुवंशी ने सुबह लगभग 8.15 बजे बीट मुरवास के कक्ष क्रमांक पी-360 में नाकाबंदी की.कार्रवाई के दौरान खालिद खां पुत्र अकबर खां निवासी मुरवास, तहसील लटेरी को वन भूमि पर कथित रूप से अवैध अतिक्रमण एवं कब्जा करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर से हकाई-जुताई करते हुए पाया गया.

**विकास** | ओडीओपी प्रगति समिट में उद्योग विकास पर जोर

# जीआई टैग से वैश्विक पहचान पाएगा छतरपुर का फर्नीचर

- हर विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित होंगे :कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 3 जून. जिले के लकड़ी फर्नीचर उद्योग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान दिलाने तथा उत्पादों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के उद्देश्य से बीते दिन शहर के एक निजी होटल में एमपी ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) प्रगति समिट-2026 का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग द्वारा किया गया. समिट का शुभारंभ छतरपुर विधायक ललिता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया.कार्यक्रम में एमएसएमई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा फर्नीचर निर्माण इकाइयों के प्रतिनिधि, निवेशक, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग, ई-कॉमर्स, डिजाइन एवं विपणन क्षेत्र के विशेषज्ञ मौजूद रहे.

विधायक ललिता यादव ने कहा कि छतरपुर के लकड़ी फर्नीचर को जीआई टैग मिलने से जिले के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान मिलेगी.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लोकल फॉर वोकल' अभियान को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है.उन्होंने बताया कि ग्राम धामची में फर्नीचर उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है.

कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई विभाग एवं ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) के बीच एमओयू का आदान-प्रदान भी किया गया.इससे जिले के फर्नीचर कारीगरों, उद्यमियों एवं स्टार्टअप्स को डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचने में सहायता मिलेगी.

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कहा कि राज्य शासन जिले के औद्योगिक विकास पर विशेष फोकस कर रहा है .उन्होंने बताया कि जिले की प्रत्येक विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, जिसके लिए भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है .उन्होंने कहा कि समिट के माध्यम से कारीगरों को आधुनिक तकनीक, बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे स्थानीय उद्योगों को नई दिशा और गति प्राप्त होगी.

# गंजबासौदा शहर में बढ़ते नशे के कारोबार को लेकर उठे सवाल, जांच करने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. नगर में कथित रूप से बढ़ती नशे की गतिविधियों को लेकर नागरिकों में चिंता बढ़ती जा रही है. लोगों का कहना है कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की उपलब्धता को लेकर समय-समय पर चर्चाएं होती रही हैं, जिसके चलते युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है.**

स्थानीय लोगों का दावा है कि पूर्व में आबकारी विभाग एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया था. कुछ मामलों में खेतों में अन्य फसलों के बीच गांजे के पौधे मिलने की घटनाएं भी सामने आई थीं. हालांकि वर्तमान में चल रही गतिविधियों के संबंध में संबंधित एजेंसियों द्वारा जांच और पुष्टि आवश्यक है.नागरिकों का कहना है कि रेलवे स्टेशन क्षेत्र, कुछ सार्वजनिक स्थानों तथा शहर के विभिन्न हिस्सों में नशे के अवैध कारोबार की चर्चाएं लगातार सुनने को मिलती हैं. उनका मानना है कि यदि इन शिकायतों में सच्चाई है तो संबंधित विभागों को गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए. कुछ नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि सार्वजनिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास रात्रिकालीन गतिविधियां बढ़ रही हैं, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में चिंता का माहौल है.